आई टी एल पब्लिक स्कूल

कक्षा - पंचम

पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका

नामः दिनांकः

| | |
|---|---|
| | भाग-ख (भाषा कौशल)<br>सर्वनाम व उसके भेद |
| प्रश्न 1 | रेखांकित सर्वनाम शब्दों के भेद लिखिए।<br>(क) मेरी दादी जी अपनेआप सब काम करती है। (ख) वे लोग इसी तरफ आ रहे होगें।<br>(ग) जैसा मैं कहूँ ,वैसा करते जाना। (घ) भाई को वह घटना याद नहीं है।<br>(ङ) शहर से कौन -कौन आया है? (च) उस पीपल के पेड़ के नीचे बैठ जाओ।<br>(छ) क्या तुमने नई किताब पढ़ी है? (ज) किसी ने राम को पुकारा। |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>1) सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?<br>क) सात (ख) दस (ग) नौ (घ) छह<br>2) ' निजवाचक' सर्वनाम के लिए किस शब्द का प्रयोग होता है?<br>(क) अपनी (ख) स्वयं (ग) किसने (घ) आपकी<br>3) दिए गए शब्दों में से जो सर्वनाम शब्द नहीं है उसे छाँट कर लिखिए।<br>(क) पंखा (ख) मेरा (ग) उन्होंने (घ) हमारा<br>4) ...... गाय कम दूध देती है। रिक्त स्थान में उचित सर्वनाम भरिए।<br>(क) आपका (ख) हमारी (ग) जिसने (घ) किसकी |
| प्रश्न 3 | रिक्त स्थान में उचित सर्वनाम शब्द लिखिए-<br>(क) खिड़की का शीशा _______तोड़ा है? ( किसको/ किसने )<br>(ख) ___________ साथ गाओगे? ( वह/ तुम)<br>(ग) पाँव में _________चुभ गया है। ( कुछ/ वह)<br>(घ) _________यह लूँगा, वह नहीं। (आप/ मैं )<br>(ङ) दूध में _________गिर गया है। (कुछ/ कोई)<br>(च) ______लाठी _________ भैंस। (मेरी - वह / जिसकी - उसकी) |